वर्मा चौक पर जल संकट को लेकर एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया। मौके पर मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, देवाशीष पांडेय, देव रंजन दास, अभिनाश महतो, लालचंद महतो, संतोष रवानी, हीरालाल महतो, शीतल दत्ता, सुनील महतो, विजय राम, रोहित महतो, काशीनाथ मंडल, रजत महतो, आशुपति महतो, कृष्ण दा, प्रदीप उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## बिजली कनेक्शन जोड़ने को लेकर फुसबंगला में तनाव

जोरापोखर। जोरापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंगला पुल के निकट रहने वाले पांच परिवार के लोगों को दबंगों द्वारा बिजली संयोग जोड़ने में बाधा डालने के कारण आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर थाना में शिकायत की गई है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि पड़ोस की रहने वाली कैसर बानो की पुत्री सना की शनिवार को दुकान स्थित बिजली की खंबे में सटने करंट लगने पर मौत हो गई थी। तब से ही बिजली विभाग द्वारा बिजली काटा गया है। सोमवार को बिजली विभाग द्वारा मुहल्ले की बिजली संयोग को जोड़ने पहुंचे कर्मियों को बानो के समर्थकों द्वारा खदेड़ दिया गया है। अब मुहल्ले के लोगो के बीच में अंधकार में रहने को मजबूर हैं। पुलिस ने कहा कि बिजली विभाग बिजली बहाल करने के लिए पहल करे पुलिस सहयोग करेगी। शिकायत करने वाले में शामिल लक्ष्मण चौरसिया, रंजीत पासवान, बिंदु देवी, डबलू बर्णवाल, शुभाष चटर्जी आदि थे।

## बच्चों ने लगाए पौधे, अभिभावकों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

झरिया। ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे मिशन दस हजार पौधारोपण के तहत सोमवार को फुलरीबाग झरिया स्थित लर्न एंड प्ले स्कूल के बच्चों ने विद्यालय परिसर में आंवला, अमरूद, गोल्डमोहर, शीशम, नारियल, बेल आदि के पौधे लगाए। पौधे के सामने लगाने वालों के नाम का बोर्ड भी लगाया गया। बच्चों को पौधे के लाभ के बारे में बताया गया। मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी अविनाश शर्मा ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संस्कार देने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी पेड़-पौधों की रक्षा कर सके। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में खेल खेल में जीवन शैली को बच्चों के जेहन में डालने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक आयुष कुमार शर्मा ने कहा कि इन पौधों को बच्चों की तरह ही देख भाल की जाएगी ताकि हमारे बच्चे प्राकृतिक वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें। विद्यालय परिसर में ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, अविनाश शर्मा, आयुष कुमार शर्मा,अनिल जैन, शिक्षिका ज्योति प्रसाद, अनुराधा शर्मा, पेरेंट्स - सुभाजित मंडल, रवि साहू, पंकज रजक, दिलीप विश्वकर्मा, रोहित रजक, रुद्ररजक, धनविका, ज्ञान, जानवी, विशाल, विधान, सौम्यदीप मंडल, कृष, सक्षम, सनी रवानी ने अपने नाम पर एक-एक पौधे लगाए।

## ...ताकोला में मंगल कलश यात्रा का शुभारंभ



–पूजा-अर्चना में शामिल महिलाएं

हुए भ्रमण कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभूति शरण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, एके गौतम, नरेश भट्ट, विनोद कुमार साहू, महेश गुप्ता, कुमार भृगु, संजय सिंह, अरविंद कुमार सिंह आदि ने सैकड़ो परिजनों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। प्रातः 9:00 से 11,111 हनुमान चालीसा का पाठ, संध्या 4:45 से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हुआ। पूजा, पुष्पांजलि व आरती पूर्ण होती के बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ।

## ...र, किया गया स्वागत

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पूर्व प्रमुख भानुप्रताप ने किया स्वागत

पुटकी। सोमवार को 'एक मुलाकात अपनों के साथ' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पुटकी व करकेंद पंहुचे। चिरूडीह में धनबाद प्रखंड के पूर्व प्रमुख भानुप्रताप ने उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही ठाकुर ने उनके साथ मंत्रणा की, इसके बाद वे पुटकी प्रेमनगर स्थित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पासवान के घर पंहुच कर उनसे राजनीतिक चर्चा की और कुशलक्षेम जाना। साथ ही ठाकुर कुछ दिन पूर्व दिवंगत हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्यनारायण तिवारी के आवास पहुंचे और उनके स्वजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। मौके पर जिला सचिव प्रीतम रवानी, दीपक सिंह, गुड्डू खान, शुभ्रवरण तिवारी, शाहरुख खान, जितेंद्र शर्मा, राजू अंसारी आदि मौजूद थे।

## महंगाई की मार से जनता त्रस्त : ठाकुर

बलियापुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सोमवार को बलियापुर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष का बलियापुर चौक में कांग्रेस नेता संतोष मोदक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके अलावे ब्राह्मणडीहा के हुचुकटांड़ व दुधिया में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीति के कारण आम जनता परेशान है। महंगाई की मार से जनता त्रस्त है। आनेवाले विधानसभा चुनाव को ले कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रसीद रजा, शमशेर आलम, संतोष मोदक आदि मौजूद थे।


बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited

**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**सूचना**

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बी.सी.सी.एल.) द्वारा जारी वस्तुओं, कार्यों और सेवाओं की अधिप्राप्ति हेतु सभी निविदाएं* बी.सी.सी.एल. की वेबसाइट www.bcclweb.in, कोल इंडिया लिमिटेड (सी.आई.एल.) ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अधिप्राप्ति जी.ई.एम. पोर्टल https://gem.gov.in के जरिए भी की जाती है।

*यह सी.आई.एल. के ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल के मार्फत जारी सभी खुली (घरेलू/वैश्विक) निविदाओं हेतु लागू है।

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।


आवाज, धनबाद 16/07/24